पढ़े चलो, बढ़े चलो
RASHTRIYA MADHYAMIK SHIKSHA ABHIYAN

# प्रश्न बैंक

## सत्र – 2022-23

## कक्षा – 9 वीं

## विषय – हिन्दी

**समग्र शिक्षा अभियान (सेकेन्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय,**
**म.प्र. भोपाल**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल
हाईस्कूल परीक्षा सत्र 2022–23
**BLUE PRINT OF QUESTION PAPER**

कक्षा :–9वीं
विषय :–हिन्दी

पूर्णांक :– 75
समय :– 3:00 घंटे

| क्र. | इकाई एवं विषयवस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 1 | **क्षितिज भाग–1 काव्य खण्ड**<br>● पद्य साहित्य का इतिहास एवं काल विभाजन सामान्य परिचय, भक्तिकाल, आधुनिक काल (छायावाद, प्रगतिवाद, नई कविता)<br>● कवि परिचय :<br>● भावार्थ : (सन्दर्भ, प्रसंग, भावार्थ, काव्य सौन्दर्य )<br>● सौन्दर्यबोध तथा भाव एवं विषयवस्तु पर आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 04 | 01 | – | – | 05 |
| इकाई 2 | **काव्य बोध–**<br>● काव्य की परिभाषा एवं भेद (संक्षिप्त परिचय)<br>● रस का सामान्य परिचय एवं प्रकार<br>● छंद का सामान्य परिचय एवं प्रकार (दोहा, सवैया)<br>● अलंकार, परिभाषा एवं भेद (अनुप्रास, यमक, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा एवं मानवीकरण अलंकार) | 10 | 06 | 02 | – | – | – | 02 |
| इकाई 3 | **क्षितिज भाग–1 गद्य खण्ड–**<br>● गद्य की विधाओं का सामान्य परिचय (कहानी, निबंध, एकांकी, यात्रावृत्तान्त, डायरी, संस्मरण, व्यंग्य विधा)<br>● लेखक परिचय :<br>● व्याख्या : (सन्दर्भ, प्रसंग, व्याख्या, विशेष)<br>● विषय वस्तु एवं विचारबोध पर आधारित प्रश्न– | 17 | 06 | 04 | 01 | – | – | 05 |
| इकाई 4 | **भाषाबोध–**<br>● संधि एवं समास सामान्य परिचय एवं भेद, निपात शब्द, तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी एवं आंचलिक शब्द, उपसर्ग एवं प्रत्यय, पर्यायवाची, विलोम शब्द।<br>● वाक्य परिचय एवं भेद : रचना के आधार पर<br>● मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 08 | 06 | 01 | – | – | – | 01 |
| इकाई 5 | **कृतिका भाग – 1**<br>पूरक पाठ्यपुस्तक से विविध पाठों पर आधारित प्रश्न | 08 | 06 | 01 | – | – | – | 01 |
| इकाई 6 | **अपठित बोध** – अपठित काव्यांश / गद्यांश | 04 | – | – | – | 01 | – | 01 |
| इकाई 7 | **पत्र लेखन** – औपचारिक पत्र / अनौपचारिक पत्र | 04 | – | – | – | 01 | – | 01 |
| इकाई 8 | ● अनुच्छेद लेखन / संवाद लेखन / विज्ञापन लेखन<br>● निबंध लेखन (रूपरेखा सहित) | 07 | – | – | 01 | 01 | – | 02 |
| | कुल योग– | 75 | 30 | 24 | 09 | 12 | – | 18+5 =23 |

प्रश्नपत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश–

➢ **40% वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40% विषयपरक प्रश्न, 20% विश्लेषणात्मक प्रश्न होंगे।**

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प, रिक्त स्थान, सही जोड़ी, एक वाक्य में उत्तर, सत्य असत्य, संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के 06 अंक निर्धारित है।
2. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान होगा। यह विकल्प समान इकाई/उपइकाई से तथा समान कठिनाई स्तर वाले होंगे। इन प्रश्नों की उत्तर सीमा निम्नानुसार होगी–

| | | |
|---|---|---|
| अति लघुउत्तरीय प्रश्न | 02 अंक | लगभग 30 शब्द |
| लघुउत्तरीय प्रश्न | 03 अंक | लगभग 75 शब्द |
| विश्लेषणात्मक | 04 अंक | लगभग 120 शब्द |

3. कठिनाई स्तर :– 40% सरलप्रश्न, 45% सामान्य प्रश्न, 15% कठिनप्रश्न।

सत्र 2022–23

कक्षा – 9वीं

विषय – हिन्दी

कम किया गया पाठ्यक्रम

| स. क. | पुस्तक का नाम | पाठ का नाम | लेखक/कवि का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | क्षितिज भाग–1 गद्य खण्ड | पाठ–5 – नाना साहब की पुत्री देवी मैना को भस्म कर दिया गया | चपला देवी |
| 2. | क्षितिज भाग–1 गद्य खण्ड | पाठ–8 – एक कुत्ता और एक मैना | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| 3. | क्षितिज भाग–1 काव्य खण्ड | पाठ–14 – चन्द्र गहना से लौटती बेर | केदारनाथ अग्रवाल |
| 4. | क्षितिज भाग–1 काव्य खण्ड | पाठ–16 – यमराज की दिशा | चन्द्रकांत देवताले |
| 5. | कृतिका भाग–1 | पाठ–4 – माटी वाली | विद्यासागर नौटियाल |
| 6. | कृतिका भाग–1 | पाठ–5 – किस तरह आखिरकार मैं हिन्दी में आया | शमशेर बहादुर सिंह |

# कक्षा – 9 वी
# विषय – हिन्दी
# अनुक्रमणिका


| सरल क्रमांक | इकाई क्रमांक | इकाई का नाम |
|---|---|---|
| 01 | 1 | क्षितिज भाग -1, काव्य खण्ड |
| 02 | 2 | काव्य बोध |
| 03 | 3 | क्षितिज भाग -1 ,गद्य खण्ड |
| 04 | 4 | भाषा बोध |
| 05 | 5 | कृतिका भाग – 1 |
| 06 | 6 | अपठित बोध |
| 07 | 7 | पत्र लेखन |
| 08 | 8 | निबन्ध लेखन |



समग्र शिक्षा अभियान (सेकेन्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय
म.प्र., भोपाल

# इकाई - 1
# क्षितिज भाग -1, काव्य खण्ड

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 1 | **क्षितिज भाग -1, काव्य खंड**<br>• पद्य साहित्य का इतिहास एवं काल विभाजन सामान्य परिचय, भक्ति काल, आधुनिक काल (छायावाद, प्रगतिवाद, नई कविता)<br>• कवि परिचय<br>• भावार्थ : (संदर्भ, प्रसंग , भावार्थ, काव्य सौन्दर्य)<br>• सौंदर्य बोध तथा भाव एवं विषय वस्तु आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 04 | 01 | --- | --- | 05 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** **(01 अंक)**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. कबीरदास की एक रचना है-

(अ) साकेत (ब) बीजक स) कुरूक्षेत्र (द) यामा

2. रसखान किस भक्तिशाखा के कवि हैं-

(अ) रामभक्ति शाखा (ब) शिवभक्ति शाखा (स) कृष्णभक्ति शाखा (द) प्रेममार्गी शाखा

3. कैदी और कोकिला किसकी रचना है-

(अ) रामधारी सिंह दिनकर (ब) माखनलाल चतुर्वेदी (स) महादेवी वर्मा (द) जयशंकर प्रसाद

4. सुमित्रानंदन पंत का जन्म हुआ-

(अ) कोसानी गाँव में (ब) केसला गाँव में (स) करौली गाँव में (द) केसली गाँव में

5. रचनाकार राजेश जोशी किस राज्य के हैं -

(अ) उत्तरप्रदेश (ब) मध्यप्रदेश (स) गुजरात (द) महाराष्ट्

6. कबीरदास की भाषा है-

(अ) अवधी (ब) राजस्थानी (स) ब्रज (द) सधुक्कड़ी

7. छायावाद के प्रमुख कवि हैं-

(अ) चार (ब) आठ (स) पांच (द) तीन

8. मेघ आए रचना है-

(अ) महादेवी वर्मा (ब) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (स) सुमित्रानंदन पंत (द) राजेश जोशी

9. वीरगाथा काल का श्रेष्ठ महाकाव्य है -

(अ) पद्मावत (ब) पृथ्वीराज रासो (स) साकेत (द) रामचरित मानस

10. प्रेममार्गी शाखा के प्रतिनिधि कवि हैं -

(अ) कबीर (ब) तुलसीदास (स) जायसी (द) सूरदास

11. हिंदी साहित्य का सर्वाधिक लोकप्रिय महाकाव्य है -

(अ) पद्मावत (ब) रामचरित मानस (स) पृथ्वीराज रासो (द) रमाल रासो

12. स्वर्ण किरण रचना है -

(अ) कबीर (ब) सुमित्रानंदन पंत (स) रसखान (द) सूरदास

13. प्रेमवाटिका के रचनाकार हैं-

(अ) रसखान (ब) मीराबाई (स) जायसी (द) कबीरदास

14. वात्सल्य सम्राट हैं -

(अ) तुलसीदास (ब) सूरदास (स) कबीरदास (द) रैदास

15. हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग माना गया है-

(अ) भक्ति काल (ब) वीरगाथा काल (स) रीतिकाल (द) वर्तमान काल

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए -**

1. ................... काम पर जा रहे हैं।(बच्चे/बड़े)

2. मखमली टमाटर हुए------------।(लाल/पीले)

3. देख आया ---------------गहना।(सूर्य/चंद्र)

4.एक भारतीय आत्मा --------------- को कहा जाता है ।(माखनलाल चतुर्वेदी/महादेवी वर्मा)

5.जायसी का -----------------प्रसिध्द महाकाव्य है।(साकेत/पद्मावत)

6.प्रेमी ढूँढ़त मैं फिरौ ----------------मिले न कोइ।(प्रेमी/पति)

7. मानुष हो तो वही रसखानि वसौं ---------- गाँव के ग्वारन।(ब्रज गोकुल/माथुरा)

8. कवि सुमित्रानंदन पंत ने लता का मानवीकरण -------- के रूप में किया हैं ।(नव विवाहिता/कुँवारी)

9. कैदी और कोयल दोनों ही -------------- देश की वासी हैं ।(स्वतंत्र/गुलाम)

10.ज्ञानमार्गी भक्तिधारा के प्रतिनिधि कवि -------- हैं।(जयशंकर प्रसाद/कबीरदास)

11. मखमली पेटियों सी लटकी छीमियाँ ---------- बीज लडी ।(छिपाए/दिखाए)

12. ग्रामश्री के रचनाकार ------------- है।(सुमित्रानंदन पंत/ जयशंकर प्रसाद)

13. खुलेगी साँकल बंद--------- की।(घऱ/द्वार)

**सही जोडी बनाकर लिखिए-**

1.

| **अ** | **ब** |
|---|---|
| i. वाख | (क) बाल पत्रिका पराग |
| ii. सब विष | (ख) कोकिल |
| iii. क्यों गाती हो | (ग) सुमित्रानंदन पंत |
| iv. ग्राम श्री | (घ) कश्मीरी कवयित्री |
| v. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना | (ड) अमृत होय |

| 2. अ | ब |
|---|---|
| i.रामचरित मानस | (क) मीरा बाई |
| ii.कृष्ण भक्त | (ख) बाह्य आडम्बरों का विरोध |
| iii.सूफी संत | (ग) तुलसीदास |
| iv.कबीरदास | (घ) बल्लभाचार्य |
| v. कृष्ण भक्ति शाखा | (ड.) जायसी |

| 3 अ | ब |
|---|---|
| i. कबीरदास | (क) हिमतंरगिनी |
| ii. सुजान रसखान | (ख) वीणा, पल्लव |
| iii. गर्म हवाएँ | (ग) रसखान |
| iv. माखनलाल चतुर्वेदी | (घ) साखी |
| v. सुमित्रानंदन पंत | (ड.) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना |

| 4. अ | ब |
|---|---|
| i. छायावाद | (क) नागार्जुन |
| ii. प्रगतिवाद | (ख) 1953 से अब तक |
| iii. नई कविता | (ग) प्रकृति का मानवीकरण |
| iv. आधुनिक काल | (घ) छायावाद के समकक्ष |
| v. रहस्यवाद | (ड.) भारतेंदु युग |

| 5. अ | ब |
|---|---|
| i. कबीर | (क) सवैये |
| ii. वाख | ख) सबद |
| iii. रसखान | (ग) ललद्यद |
| iv. माखनलाल चतुर्वेदी | (घ) मिट्टी का चेहरा |
| v. राजेश जोशी | (ड.) कर्मवीर |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. मेघ आए कविता की भाषा कैसी है?
2. कवि ने गाँव को हरता जन मन क्यों कहा है?
3. कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है?
4. मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढता फिरता है?
5. छायावाद के चार प्रमुख स्तम्भ कवि कौन-कौन से है?
6. साकेत किसकी रचना है?
7. रसखान किसके अनन्य भक्त हैं?
8. ज्ञान की तुलना किससे की गई है?
9. गाँव में शहरी मेहमान (दामाद) की तरह सज-धज कर कौन आया?
10. मानसरोवर से कवि का क्या आशय है?
11. कवयित्री का घर जाने की चाह से क्या तात्पर्य है?
12. कवि का ब्रज के वन, बाग और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण है?

**सत्य/असत्य कथन लिखिए-**

1. कबीर एक समाज सुधारक थे।
2. रसखान के गुरु का नाम गो.विट्ठलदास था।
3. माखनलाल चतुर्वेदी की रचना 'साहित्य देवता' है।
4. सुमित्रानंदन पंत प्रकृति प्रेमी कवि थे।
5. ललद्यद की रचनाएँ लोक जीवन से प्रेरित नहीं हैं।
6. निराला की रचना कुकुरमुत्ता है।
7. मीराबाई आदिकाल की कवयित्री है।
8. जायसी सूफी काव्य परंपरा के कवि हैं।
9. तुलसीदास रीतिकाल के कवि हैं।
10. "सूरदास" भक्तिकाल की रचना है।
11. कामायनी के रचयिता तुलसीदास है।
12. ईश्वर काबा कैलाश में मिल सकता है।
13. रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि सूरदास हैं।
14. रामचरित मानस की भाषा अवधी है।
15. ललद्यद कश्मीरी कवयित्री है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न -** **(02 अंक)**

1. मानसरोवर से कवि का क्या आशय है?
2. कवयित्री का घर जाने की चाह से क्या तात्पर्य है?
3. हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है?
4. किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों ?
5. कोयल की कूक सुनकर कवि माखनलाल चतुर्वेदी की क्या प्रतिक्रिया थी ?
6. कवि माखनलाल चतुर्वेदी को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है ?
7. कोयल की कूक सुनकर कवि माखनलाल चतुर्वेदी की क्या प्रतिक्रिया थी ?
8. कवि पंत ने गांव को 'हरता जन मन' क्यों कहा है ?
9. गांव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' क्यों कहा गया है ?
10. लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों ?
11. अरहर और सनई के खेत कवि को कैसे दिखाई देते हैं ?
12. कवि रसखान के भाव सौन्दर्य की 2 विशेषताएँ लिखिए?
13. कबीरदास के शिल्प सौंदर्य कि 2 विशेषताएँ लिखिए?
14. छायावाद के बारे में लिखिए।
15. सुमित्रानंदन पंत के भाव सौंदर्य की दो विशेषताएँ लिखिए?
16. नई कविता की प्रमुख दो विशेषताएँ लिखिए?
17. भक्ति काल को स्वर्ण युग क्यों कहा जाता है?
18. भक्ति काल की शाखाओं/धाराओं का परिचय दीजिए।
19 भक्ति काल के दो कवि एवं प्रत्येक की दो-दो रचनाओं के नाम लिखिए।
20. छायावाद की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
21. नई कविता के दो कवियों के नाम एवं उनकी एक एक रचना का नाम लिखिए।
22. पद्य साहित्य के इतिहास को कितने कालों में बांटा गया है? नाम एवं समय सीमा लिखिए।
23. कबीर के शिल्प सौंदर्य की विशेषताएँ लिखिए।
24. कवि रसखान के भाव सौंदर्य की दो विशेषताएँ लिखिए।
25. माखनलाल चतुर्वेदी के कला पक्ष की दो विशेषताएँ लिखिए।
26. सुमित्रानंदन पंत एवं सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के भाव सौंदर्य की दो विशेषताएँ लिखिए।
27. राजेश जोशी की चार रचनाएँ लिखिए।

**काव्यांशों का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए-** **( 03** अंक )

(1) प्रेमी ढूंढत में फिरौ , प्रेमी मिले न कोई।
प्रेमी को प्रेमी मिलै, सब विष अमृत होई॥

(2) ऊँचे कुल का जनमिया जे, करनी ऊँच न होई।
सुबरन कलस सुरा भरा, साधू निंदा सोई॥

(3) मानसरोवर सुभर जल, हंसा केलि कराहिं।

मुकताफल मुकता चुगै, अब उड़ि अनत न जाहिं॥

(4) मानुष हों तो वही रसखानि बसौ ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पसु हौ तो कहा बस मेरो चरौनित नंद की धेनु मंझारन ॥
पाहन हौ तो वही गिरि को जो कियो हरिछत पुरंदर धारन।
जो खग हौ तो बसेरो करौ मिलि कालिदी कूल कदंब की डारन्॥

(5) क्या गाती हो?
क्यों रह-रह जाती हो?
कोकिल बोलों तो।
क्या लाती हो?
संदेशा किसका है?
कोकिल बोलो तो।

(6) फैली खेतों में दूर तलक,
मखमल की कोमल हरियाली।
लिपटी जिससे रवि की किरणें ,
चांदी की सी उजली जाली।।

(7) बाल के साँपों से अंकित,
गंगा की संतरंगी रेती।
सुंदर लगती सरपत छाई ,
तट पर तरबूजो की खेती॥

(8) हँस मुख हरियाली से हिम आतप
सुख से अलसाए-से सोए।
भींगी आँधियाली-में निशि की
तारक स्वप्नों में -से खोए।

(9) क्षितिज अटारी गहराई दामिनी दमकी,
क्षमा करो गाँव खुल गई अब भरम की,
बांध टूटा झर-झर मिलन कें अश्रु ढरके
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

(10) हस्ती चढिंए ज्ञान कौ, सहज दुलीचा डारि।
स्वान रूप संसार है, भूँकन दे झख मारि॥

# इकाई - 2
# काव्य बोध

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 2 | **काव्य बोध**<br>• काव्य की परिभाषा एवं भेद (संक्षिप्त परिचय)<br>• रस का सामान्य परिचय एवं प्रकार<br>• छंद का सामान्य परिचय एवं प्रकार (दोहा, सवैया)<br>• अलंकार परिभाषा एवं भेद (अनुप्रास, यमक, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा एवं मानवीकरण अलंकार) | 10 | 06 | 02 | --- | --- | --- | 02 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** **(01 अंक)**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. काव्य के भेद माने गए हैं -
   (अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) पांच
2. शैली की दृष्टि से काव्य के भेद हैं -
   (अ) छः (ब) चार (स) दो (द) तीन
3. काव्य के भेद हैं -
   (अ) दृश्य काव्य (ब) श्रव्य काव्य (स) दृश्य और श्रव्य काव्य (द) नाट्य और कथ्य काव्य
4. प्रबंध काव्य के प्रकार होते हैं -
   (अ) दो (ब) चार (स) तीन (द) आठ
5. कामायनी है -
   (अ) खण्डकाव्य (ब) मुक्तक काव्य (स) महाकाव्य (द) इनमें से कोई नहीं
6. रस के बिना काव्य माना जाता है -
   (अ) सजीव (ब) नीरस (स) व्यर्थ (द) सार्थक
7. रस के अंग होते हैं -
   (अ) चार (ब) पांच (स) छः (द) आठ
8. श्रृंगार रस का स्थाई भाव है -

(अ) भय (ब) स्नेह (स) क्रोध (द) रति

9. वाक्यं रसात्मकं काव्यम किसका कथन है -

   (अ) आचार्य भामह (ब) आचार्य विश्वनाथ (स) पंडित जगन्नाथ (द) आचार्य दंडी

10. विभावानुभाव संचारी संयोगाद्रस निष्पति यह सूत्र किसका है -

    (अ) दंडी (ब) भरत मुनि (स) आचार्य कौशिक (द) आचार्य भामह

11. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व कहलाते हैं -

    (अ) रस (ब) छंद (स) अलंकार (द) काव्य गुण

12. छंद के मुख्यतः कितने भेद होते हैं -

    (अ) दो (ब) चार (स) पांच (द) सात

13. कौन सा छंद का प्रकार नहीं है -

    (अ) दृष्टांत (ब) दोहा (स) चौपाई (द) सवैया

14. छंद को पढ़ते समय आने वाला विराम कहलाता है -

    (अ) गति (ब) यति (स) तुक (द) गण

15. अर्थालंकारों में चमत्कार किसके कारण होता है ?

    (अ) पद (ब) शब्द (स) वाक्य (द) अर्थ

16. जहाँ किसी शब्द की आवृत्ति एक से अधिक बार हो परंतु हर बार उसका अर्थ भिन्न - भिन्न हो वहां अलंकार होगा -

    (अ) रूपक (ब) यमक (स) श्लेष (द) उपमा

17. उपमा का अर्थ है -

    (अ) सादृश्य (ब) समानता (स) अ और ब दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

18. उपमा अलंकार के अंग है -

    (अ) एक (ब) चार (स) छः (द) सात

19. जिस व्यक्ति या वस्तु से समानता बताई जाए उसे कहते हैं -

    (अ) उपमेय (ब) उपमान (स) वाचक शब्द (द) साधारण धर्म

20. मेघ आये बड़े बन ठन के संवर के पंक्ति में अलंकार है -

    (अ) अनुप्रास (ब) उपमा (स) मानवीकरण (द) उत्प्रेक्षा

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए -**

1. अनुभूति के पक्ष का संबंध कविता के ............... स्वरूप से है। (बाह्य/आंतरिक)
2. खण्डकाव्य में जीवन के ................ चित्रण होता है। (एक अंश का/संपूर्ण)
3. महाकाव्य में जीवन का.................. चित्रण होता है। (संपूर्ण/एक पक्ष का)
4. रस को काव्य की ..............बताया गया है। (आत्मा/शरीर)
5. रस के प्रकार .............हैं। (दस /सात)
6. वीर रस का स्थाई भाव .......................है। (शोक/उत्साह)
7. रौद्र रस का स्थाई भाव .................है। (क्रोध/वत्सल)
8. करुण का स्थाई भाव ..............है। (करुणा/शोक)
9. मात्रिक छंद का उदाहरण ...............है। (दोहा/सवैया)
10. वर्णिक छंद में ................ की गणना की जाती है। (वर्णों/मात्राओं)
11. अलंकार का सामान्य अर्थ .............है। (गहना/रस)
12. उपमेय में उपमान का आरोप ..............अलंकार होता है। (उत्प्रेक्षा/रूपक)

13. रंगमंच पर अभिनय देखकर आनंदानुभूति ..............काव्य की होती है। (दृश्य/श्रव्य)
14. 'काली लहर कल्पना काली' पंक्ति में ..............अलंकार निहित है। (अनुप्रास/यमक)
15. 'सोई संत सुजान' इन पंक्ति में ............. अलंकार निहित है। (अनुप्रास/रूपक)
16. वर्ण, मात्रा, यति, तुक आदि को ध्यान में रखकर की गई शब्द रचना ..............कहलाती है। (छंद/अलंकार)
17. क्षितिज अटारी गहराई में .....................अलंकार है। (उपमा/रूपक)
18. पत्थरों द्वारा पानी पीना में ............अलंकार है। (रूपक/मानवीकरण)
19. रसखान ने ..................में रचनाएँ लिखी है। (सवैया/सोरठा)
20. संचारी भावों की संख्या ................है। (तैंतीस/पैंतीस)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए –**

**1.**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| i तीन वर्णों का समूह | (क) खण्ड काव्य |
| ii वाक्यं रसात्मकं काव्यं | (ख) चार |
| iii सवैया | (ग) वर्णिक छंद |
| iv रस के अंग | (घ) आचार्य विश्वनाथ |
| v पंचवटी | (ड.) गण |

**2.**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| i कामायनी | (क) अलंकार |
| ii काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व | (ख) कबीर के दोहे |
| iii वीभत्स रस का स्थाई भाव | (ग) गति |
| iv मुक्तक काव्य | (घ) जुगुप्सा (घ्रणा) |
| v छंद के पढ़ने की लय | (ड.) महाकाव्य |

**3.**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| i छंद में बंधी रचना | (क) रूपक अलंकार |
| ii प्रबंध काव्य के भेद | (ख) रस |
| iii काव्य की आत्मा | (ग) तुक |
| iv छंद में अंतिम वर्णों की आवृत्ति | (घ) तीन |
| v उपमेय में उपमान का आरोप | ,(ड.) काव्य |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

1. विस्तृत कलेवर वाले काव्य को क्या कहते हैं?
2. प्रबंध काव्य के भेदों के नाम लिखिए।
3. रसात्मकं वाक्यं अर्थात रस युक्त वाक्य क्या कहलाता है?
4. एक ही छंद में रचित एक घटना का चित्रण पूर्ण रुप से करने वाली रचना को क्या कहते हैं?
5. काव्य के कितने भेद होते हैं? नाम लिखिए।
6. स्थायी भावों को जाग्रत या उद्दीप्त करने वाले कारक क्या कहलाते हैं?
7. जिस काव्य का आनंद पढ़कर या सुनकर लिया जाता है उसे क्या कहते हैं?
8. कविता के शाब्दिक अनुशासन का नाम क्या है?

9. दोहा के प्रथम चरण में कितनी मात्राएं होती हैं?
10. जहाँ काव्य का आधार शब्द होते हैं, वहाँ कौन सा अलंकार होता है?
11. 'बालू के सांपों' में कौन सा अलंकार है?
12. 'मेघ आए बन-ठन के', पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
13. 'हंसमुख हरियाली है हिम आतम' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
14. 'वेदना बोझ वाली सी' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
15. शब्दालंकार एवं अर्थालंकार के दो-दो भेदों के नाम लिखिए।
16. घृणा को उत्पन्न करने वाले दृश्यों का वर्णन होने पर कौन-सा रस होता है ?

**सत्य/असत्य लिखिए –**

1. रामचरितमानस एक महाकाव्य है।
2. रसयुक्त वाक्य ही काव्य है। कथन आचार्य विश्वनाथ का है।
3. प्रबंध काव्य में छंदों में पूर्वापर सम्बन्ध नहीं होता है।
4. मात्रिक छंद में मात्राओं की गणना की जाती है।
5. मुक्तक काव्य का प्रत्येक छंद अपने आप में स्वतंत्र और पूर्ण होता है।
6. महाकाव्य में एक ही सर्ग होता है।
7. खण्डकाव्य की कथावस्तु विस्तृत होती है।
8. खण्डकाव्य में अनेक सर्ग होते है।
9. अलंकारों का अनावश्यक प्रयोग कविता के सौन्दर्य को कम करता है।
10. जिसके कारण मन में भाव जाग्रत होते हैं उसे आलंबन कहते हैं।
11. छंद को पढ़ने का प्रवाह (लय) गति कहलाता है।
12. छंद में अंतिम वर्णों की आवृत्ति तुक कहलाती है।
13. संकट सागर में रूपक अलंकार है।
14. उपमा अलंकार में उप का अर्थ समीप है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न –** **(02 अंक)**

1. पंडित जगन्नाथ के अनुसार काव्य की परिभाषा लिखिए।
2. काव्य किसे कहते हैं उसके भेदों के नाम लिखिए।
3. प्रबंध काव्य के भेदों के नाम लिखिए।
4. मुक्तक काव्य के प्रकारों के नाम लिखिए।
5. रस किसे कहते हैं? रस के अंगों के नाम लिखिए।
6. रस के प्रकार एवं उनके स्थाई भाव लिखिए।
7. छंद किसे कहते हैं? छंद के प्रकारों के नाम लिखिए।
8. दोहा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
9. सवैया की परिभाषा लिखिए।
10. अलंकार की परिभाषा एवं उसके भेदों के नाम लिखिए।
11. अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
12. यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
13. उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
14. रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
15. उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

16. मानवीकरण अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
17. महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई दो अंतर लिखिए।
18. मात्रिक छंद किसे कहते हैं? किसी एक मात्रिक छंद का नाम लिखिए।
19. वर्णिक छंद किसे कहते हैं? किसी एक वर्णिक छंद का नाम लिखिए।
20. पाठ्यमुक्तक एवं गेयमुक्तक में अंतर लिखिए।

---------xxxx--------

# इकाई - 3
# क्षितिज भाग 1, गद्य खण्ड

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 3 | **क्षितिज भाग 1, गद्य खण्ड**<br>• गदय की विधाओं का सामान्य परिचय (कहानी, निबंध, एकांकी, यात्रावृत्तान्त, डायरी, संस्मरण, व्यंग्य विधा)<br>• लेखक परिचय<br>• व्याख्या (सन्दर्भ, प्रसंग, व्याख्या, विशेष)<br>• विषयवस्तु एवं विचार बोध पर आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 04 | 01 | --- | --- | 05 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** **(01 अंक)**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1) झूरी के साले का क्या नाम था?
अ) मोती ब) सुरेश
स) गया द) हीरा

2) झूरी ने दोनों बैलों को कहाँ भेज दिया?
अ) मौसी के घर ब) दादी के घर
स) ससुराल द) नानी के घर

3) ईश्वर ने बैलों को क्या नहीं दिया?
अ) पैसा ब) मकान
स) वाणी द) इनमें से कोई नहीं

4) दोनों बैलों को कहाँ बंद कर दिया था?
अ) जैल में ब) कांजी हौस में
स) गौशाला में द) घर में

5) कांजी हौस का चौकीदार लालटेन लेकर आता था?
अ) हाजिरी लेने ब) खाना देने
स) मारने द) इनमें से कोई नहीं

6) लेखक कितने साल बाद इसी रास्ते से लौटे थे?
अ) दो साल ब) एक साल
स) चार साल द) पाँच साल

7) तिब्बत में सबसे खतरे की जगह है –
अ) डांडे ब) थोड़ला
स) भींटे द) तिड़ी

8) किस रास्ते से तिब्बत में हिन्दुस्तान का व्यापार होता था?
अ) नेपाल ब) आगरा
स) कोकड द) चीनी

9) मंगोलों का मुह कैसा होता था?
अ) काला ब) सफेद
स) लाल द) हरा

10) लेखक के चारों तरफ क्या था?
अ) पुस्तकें ब) जानवर
स) चौर द) कुत्ते

11) श्यामाचरण दुबे का जन्म कब हुआ था?
अ) 1922 में ब) 1932में
स) 1942में द) 1952 में

12) आजकल कैसी जीवनशैली हावी हो रही है?
अ) पुरातन ब) पूर्वी
स) नूतन द) इनमें से कोई नहीं

13) हम किसके उपनिवेश बन गए हैं?
अ) अमेरिका ब) यूरोप
स) पाश्चात्य संस्कृति के द) विज्ञापन कंपनी के

14) उपभोक्ता सांस्कृति के कारण हम कैसी दासता स्वीकार करते हैं?
अ) राजनीतिक दासता ब) सांस्कृतिक दासता
स) बौद्धिक दासता द) सामंति दासता

15) जाबिर हुसैन का जन्म कब हुआ था?

अ) 1913 में ब) 1995 में
स) 1989 में द) 1945 में

16) सालिम अली की पत्नी का क्या नाम था?
अ) फीदा लारेंस ब) नशलीना
स) तस्मीना द) नाजिश बेगम

17) 'आवशार' शब्द का क्या अर्थ है?
अ) झरना ब) नमक
स) शीशा द) गौरेया

18) किस पक्षी ने सालिम अली के जीवन की दशा को बदल दिया था?
अ) कबूतर ब) मैना
स) गौरेया स) कोयल

19) पक्षी प्रेमी सालिम अली किसकी तरह प्रकृति में विलीन हो रहे हैं?
अ) अग्नि की तरह ब) वन पक्षी की तरह
स) वन्य पशु की तरह द) इनमें से कोई नहीं

20) फोटो खिचवाते समय किस परंपरा की ओर संकेत किया गया है ?
(अ) नए कपड़े पहनने की (ब) अच्छे जूते पहनने की
(स) चेहरे पर मुस्कान लाने की (द) फोटोग्राफर की अच्छी फोटो लाने का अनुरोध किया

21)' प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ लिखा है-
(अ) हरिशंकर परसाई (ब) महादेवी वर्मा
(स) प्रेमचंद (द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

22 ) 'मेरे बचपन के दिन' पाठ की रचना की थी-
(अ) प्रेमचंद ने (ब) महादेवी वर्मा ने
(स) हरिशंकर परसाई ने (द) जाबिर हुसैन ने

23) बचपन की स्मृतियों में एक विचित्र सा क्या होता है?
अ) आकर्षण ब) विकर्षण
स) अपकर्षण द) हेय दर्शन

24) महादेवी वर्मा को छात्रावास में कौनसी लड़की मिली थी?
(अ) मनमोहिनी (ब) ताई
(स) सुभद्रा कुमारी चौहान (द) जेबुनिस्सा

25 ) महादेवी वर्मा पहले किस भाषा में कविता लिखती थी?

अ) अवधी ब) ब्रज
स) बुंदेली द) मैथिली

26 ) महादेवी वर्मा से चांदी का कटौरा किसने ले लिया था?
अ) नेहरू जी ब) पटेल जी
स) तिलक जी द) गांधी जी

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए -**

1. प्रेमचन्द का जन्म .... में हुआ। (बनारस/लाहौर)
2. गधे का एक छोटा भाई भी है उसका नाम है ..... (बैल/कुत्ता)
3. जानवरों में गधा सबसे ज्यादा ..................समझा जाता है। (बुद्धिमान /बुद्धिहीन )
4. लेखक के सामने .............. का फोटो है। (प्रेमचन्द/परसाई)
5. लेखक की दृष्टि .......... पर अटक गई है। (फोटो/परसाई)
6. प्रेमचन्द ......... साहित्यकार थे। (आदर्शवादी/यर्थाथवादी)
7. गद्य में व्याकरण का प्रयोग भी ................ से ग्रहण किया जा सकता है। (आसानी/कठिनाई)
8. एकांकी में ................... होता है। (एक अंक/अनेक अंक)
9. सांस्कृतिक अस्मिता से आशय है, हमारी ............... पहचान। (सांस्कृतिक/ऐतिहासिक)
10. उपभोक्तावादी संस्कृति से समाज में वर्गो के मध्य ............. बढ़ रही है। (दूरी/नजदीकी)
11. जूता सदैव ही टोपी से ........... रहता है। (कीमती /सस्ता)
12. फोटो में प्रेमचन्द के साथ उनकी .............. भी है। (बेटा/पत्नी)
13. लेखिका महादेवी वर्मा के बाबा फारसी और ............... भाषा के जानकार थे। (उर्दू/हिन्दी)
14. महादेवी वर्मा के बाबा उन्हें .................. बनाना चाहते थे। (गायिका/विदुषी)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए-**

**(i)**

| अ | | 'ब |
|---|---|---|
| i. | बुद्धिहीन प्राणी | (क) गया |
| ii. | झूरी का साला | (ख) गधा |
| iii. | लेखक की नजर अटक गई | (ग) प्रेमचन्द के फटे जूते पर |
| iv. | ल्हासा की ओर | (घ) राहुल सांकृत्यायन |

**(ii)**

| 'अ | | 'ब |
|---|---|---|
| i. | प्रेमचन्द | (क) श्यामाचरण दुबे |
| ii. | हरिशंकर परसाई | (ख) नीरजा, नीहार, रश्मि |
| iii. | संस्कृति तथा शिक्षा | (ग) सेवासदन, रंगभूमि |
| Iv | महादेवी वर्मा | (घ) हँसते हैं रोते हैं |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए -**

1. पराकाष्ठा शब्द का क्या अर्थ है ?
2. श्यामाचरण दुबे ने किस विश्वविद्यालय से पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त की ?
3. यह समूहों को मजबूत बनाता है वाक्य में कौन-सा विशेषण है ?
4. लेखक किसके चेहरे की ओर देखता है ?
5. साहित्यिक पुरखे किसे कहा गया है ?
6. महादेवी वर्मा किस गायिका के रूप में प्रसिद्ध है ?
7. महादेवी वर्मा किस प्रदेश की विधान परिषद् की सदस्या थी ?
8. हिन्दी का उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है ?
9. अमृतराय लिखित प्रेमचन्द की जीवनी का नाम क्या है ?
10. संस्मरण किसे कहते हैं ?
11. आलोचना में किसके गुण-दोषों की परख की जाती है ?
12. किसी विशेष स्थल की यात्रा का सजीव वर्णन किस विधा में किया जाता है ?
13. हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास कब से प्रारंभ हुआ है?
14. प्राचीन काल में किस कला का अभाव था ?
15. आधुनिक काल में किस साहित्य का विकास हुआ ?
16. गद्य साहित्य के अनेक रूप क्या कहलाए ?

**सत्य/असत्य लिखिए -**

1. झूरी बैलों को देखकर गदगद हो गया।
2. लड़की की माँ मर चुकी थी।
3. गया झूरी का मामा था।
4. सद्गुणों का इतना अनादर कहीं नहीं देखा।
5. डांडे तिब्बत की सबसे खतरे की जगह है।
6. मंगोलों का मुह लाल होता है।
7. सुमति घोड़े पर सवार होकर गए।
8. तिब्बती जमीन छोटे बड़े जागीरदारों में बँटी है।
9. तिब्बत में जाति-पाति, छुआ-छुत और पर्दाप्रथा थी।
10. श्यामाचरण दुबे का जन्म उत्तरप्रदेश के बनारस में हुआ था।
11. गाँधी जी के अनुसार हमें अपनी बुनियाद पर कायम रहना चाहिए।
12. हम अनुकरण की संस्कृति को प्रतिष्ठा पाने के लिए अपना रहे हैं।
13. पक्षियों की मधुर आवाज से आम आदमी रोमांचित नहीं होता।

14. जाबिर हुसैन का जन्म बिहार में हुआ था।
15. लारेंस को कबूतर से प्रेम था।
16. वृंदावन की नदी का सांवला पानी नंद जी की याद दिलाता है।
17. सालिम अली की उम्र को शती तक पहुँचने में थोड़े ही दिन बचे थे।
18. 'हुजूम ' का अर्थ –जन समूह है ।

**लघु उत्तरीय प्रश्न –** **(02 अंक)**

1. गद्य साहित्य से क्या आशय है ? लिखिए
2. गद्य की प्रमुख विधाओं के नाम लिखिए।
3. गद्य की गौण विधाओं के बारे में लिखिए।
4. कहानी विधा के बारे में संक्षिप्त परिचय दीजिए।
5. निबंध लेखन की कोई दो विशेषताएं लिखिए।
6. गद्य की विधाओं का सामान्य परिचय लिखिए।
7. यात्रावृत्तांत के बारे में लिखिए।
8. व्यंग्य विधा का परिचय लिखिए।
9. एकांकी की कोई दो विशेषताएं लिखिए।
10. डायरी विधा का सामान्य परिचय लिखिए।
11. प्रेमचंद के साहित्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
12. प्रेमचंद की भाषा-शैली की विशेषताएँ लिखिए।
13. प्रेमचंद की कोई दो रचनाएँ लिखते हुए हिंदी साहित्य में उनका स्थान निर्धारित कीजिए।
14. राहुल सांकृत्यायन की दो रचनाएँ लिखते हुए भाषा-शैली की विशेषताएँ लिखिए।
15. हरिशंकर परसाई की दो रचनाएँ लिखते हुए उनकी भाषा-शैली की विशेषताएँ लिखिए।
16. हरिशंकर परसाई का आधुनिक हिन्दी साहित्य में स्थान निर्धारित कीजिए।
17. महादेवी वर्मा की दो रचनाएँ एवं उनका हिन्दी साहित्य में स्थान लिखिए।
18. महादेवी वर्मा की भाषा-शैली की विशेषताएँ लिखिए।
19. कांजी हौज में कैद पशुओं की हाजरी क्यों ली जाती थी?
20. छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया?
21. किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी?
22. प्रेमचंद की कोई दो कहानी के नाम लिखिए|
23. कहानी में बैलों के माध्यम से कौन-कौन से नीति विषयक मूल्य उभरकर आए?लिखिए।
24. तिब्बत के लोग क्या लेकर घुमते हैं?
25. लेखक ने तिब्बत की यात्रा किस वेश में की ?लिखिए।
26. तिब्बत यात्रा के दौरान लेखक राहुल सांकृत्यायन को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?
27. लेखक राहुल सांकृत्यायन ने डाकुओं से बचने के लिये कौन-सा साधन अपनाया?
28. तिब्बत में कानून व्यवस्था कैसी है?अपने शब्दों में लिखिए।
29. आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है?
30. लेखक श्यामाचरण दुबे ने उपभोक्तावादी संस्कृति को हमारी समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है ?
31. किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया ?
32. सलीम अली पक्षी प्रेमी कैसे बने ? लिखिए।
33. सालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री के सामने पर्यावरण से संबंधित किन संभावित खतरों का चित्र खींचा होगा कि जिससे उनकी आंखें नम हो गई थी?
34. 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर प्रेमचंद के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ लिखिए।
35. लेखिका महादेवी वर्मा ने मेरे बचपन के दिन पाठ में अपनी मां की किन विशेषताओं के बारे में बताया है ?
36. महादेवी वर्मा उर्दू-फारसी क्यों नहीं सीख पाईं ?

## गद्यांश की सन्दर्भ प्रसंग तथा विशेष सहित व्याख्या लिखिए- ( 03 अंक )

1 जानवरों में गधा सबसे ज्यादा बुद्धिहीन समझा जाता है।जब हम किसी आदमी को परले दर्जे का बेवकूफ कहना चाहते हैं ,तो उसे गधा कहते हैं।गधा सचमुच बेवकूफ है, या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता।

2 विलासिता की सामग्रियों से बाजार भरा पड़ा है, जो आप को लुभाने की जी तोड़ कोशिश में निरंतर लगी रहती हैं।दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं को ही लीजिए। टूथपेस्ट चाहिए ? यह दांतों को मोती जैसा चमकीला बनाता है, यह मुंह की दुर्गंध हटाता है। यह मसूड़ों को मजबूत करता है और यह पूर्ण सुरक्षा देता है।

3 हम सांस्कृतिक अस्मिता की बात कितनी ही करें; परंपराओं का अवमूल्यन हुआ है, आस्थाओं का क्षरण हुआ है।कड़वा सच तो यह है कि हम बौद्धिक दासता स्वीकार कर रहे हैं, पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बन रहे हैं।हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है।हम आधुनिकता के झूठे प्रतिमान अपनाते जा रहे हैं।

4 गांधी जी ने कहा था कि हम स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाजे खिड़की खुले रखें पर अपनी बुनियाद पर कायम रहें। उपभोक्ता संस्कृति हमारी सामाजिक नियम को ही खिला रही है।यह एक बड़ा खतरा है। भविष्य के लिए यह एक बड़ी चुनौती है।

5 जटिल प्राणियों के लिए सालिम अली हमेशा एक पहेली बने रहेंगे।बचपन के दिनों में उनकी एयर गन से घायल होकर गिरने वाली नीलकंठ की  वह गौरैया सारी जिंदगी उन्हें खोज के नए नए रास्तों की तरफ ले जाती रही।जिंदगी की ऊंचाइयों में उनका विश्वास एक क्षण के लिए भी डिगा नहीं।वह लॉरेंस की तरह नैसर्गिक जिंदगी का प्रतिरूप बन गए थे।

6 चक्कर लगाने से जूता फटता नहीं है घिस जाता है। कुंभनदास का जूता भी फतेहपुर सीकरी जाने-आने में घिस गया था। उसे बड़ा पछतावा हुआ।

7 मेरी दृष्टि इस जूते पर अटक गई है। सोचता हूं-फोटो खिंचवाने की अगर यह पोशाक है, तो पहनने की कैसी होगी? नहीं, इस आदमी की अलग-अलग पोशाकें नहीं होंगी- इसमें पोशाक बदलने का गुण नहीं है।यह जैसा है वैसा ही फोटो में खिंच जाता है।

8 जो अवध की लड़कियां थी, वे आपस में अवधी बोलती थीं; बुंदेलखंड की आती थीं , वे  बुंदेली में बोलती थीं। कोई अंतर नहीं आता था और हम पढ़ते हिंदी थे---------------------------एक प्रार्थना में खड़े होते थे; कोई विवाद नहीं होता था ।

9 जानवरों में गधा सबसे ज्यादा बुद्धिहीन समझा जाता है। हम जब किसी आदमी को पहले दरजे का बेवकूफ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच बेवकूफ है, या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता।

10 दोनों बैलों का ऐसा अपमान कभी न हुआ था। झूरी उन्हें फूल की छड़ी से भी न छूता था । उसकी टिटकार पर दोनों उड़ने लगते थे। यहाँ मार पड़ी। आहत-सम्मान की व्यथा तो थी ही, उस पर मिला सूखा भूसा। नाँद की तरफ आँखें न उठाई ।

11 बहुत दिनों साथ रहते-रहते दोनों में भाईचारा हो गया था। दोनों आमने-सामने या आस-पास बैठे हुए एक-दूसरे से मूक भाषा में विचार-विनिमय करते थे। एक-दूसरे के मन की बात कैसे समझ जाता, हम नहीं कह सकते। अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त शक्ति थी, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है।

12 मुझे लगता है तुम किसी सख्त चीज को ठोकर मारते रहे हो। कोई चीज जो परत-पर-परत सदियों से जम गई है, उसे शायद तुमने ठोकर मार-मारकर अपना जूता फाड़ लिया। कोई टीला जो रास्ते पर खड़ा हो गया था, उस पर तुमने अपना जूता आजमाया।

13 टोपी आठ आने में मिल जाती है और जूते उस जमाने में भी पाँच रुपये से कम में क्या मिलते होंगे। जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है। अब तो जूते की कीमत और भी बढ़ गई है और पर पच्चीसों टोपियाँ न्योछावर होती हैं। तुम भी जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे। यह विडंबना मुझे इतनी तीव्रता से पहले कभी नहीं चुभी, जितनी आज चुभ रही है, जब मैं तुम्हारा फटा जूता देख रहा हूँ। तुम महान कथाकार उपन्यास सम्राट, युग प्रवर्तक जाने क्या-क्या कहलाते थे, मगर फोटो में भी तुम्हारा जूता फटा हुआ है।

14 तुम मुझ पर या हम सभी पर हँस रहे हो, उन पर जो अँगुली छिपाए और तलुआ घिसाए चल रहे हैं, उन पर जो टीले को बटकाकर बाजू से निकल रहे हैं। तुम कह रहे हो मैंने तो ठोकर मार-मारकर जूता फाड़ लिया, अँगुली बाहर निकल आई, पर पाँव बच रहा और मैं चलता रहा, मगर तुम अँगुली को ढाँकने की चिन्ता में तलुवे का नाश कर रहे हो। तुम चलोगे कैसे ?

15 तिब्बत में यात्रियों के लिए बहुत सी तकलीफें भी हैं और कुछ आराम की बातें भी। वहाँ जाति-पाँति, छुआछूत का सवाल ही नहीं है और न औरतें परदा ही करती हैं। बहुत निम्न श्रेणी के भिखमंगों को लोग चोरी के डर से घर के भीतर नहीं आने देते; नहीं तो आप बिल्कुल घर के भीतर चले जा सकते हैं।

---------xxxx--------

# इकाई – 4
# भाषा बोध

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 4 | **भाषा बोध**<br>• संधि एवं समास सामान्य परिचय एवं भेद, निपात शब्द, तत्सम, तदभव, देशज, विदेशी एवं आंचलिक शब्द, उपसर्ग एवं प्रत्यय , पर्यायवाची, विलोम शब्द<br>• वाक्य परिचय एवं भेद : रचना के आधार पर<br>• मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 08 | 06 | 01 | —— | —— | —— | 01 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न –** **(01 अंक)**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

1 "दो वर्णों के मेल से होने वाले परिवर्तन को कहते हैं –
(अ) सन्धि (ब) समास (स) शब्द (द) वाक्य

2 सन्धि के प्रकार हैं –
(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) छः

3 समास के प्रकार हैं –
(अ) तीन (ब) चार (स) पाँच (द) छः

4 किसी भी बात पर अतिरिक्त बल देने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता हैं वे शब्द कहलाते हैं –

(अ) वाक्य (ब) शब्द (स) निपात (द) पद

5 किस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं –
(अ) द्विगु (ब) तत्पुरुष (स) द्वंद (द) कर्मधारय

6 'श्याम भी जाएगा' में 'भी' क्या हैं –
(अ) क्रिया (ब) निपात (स) विशेषण (द) संज्ञा

7 द्वंद्व समास का सही उदाहरण हैं –
(अ) सिर में दर्द (ब) देश की शान (स) भाई –बहन (द) पल–पल

8 प्रबल शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए -
(अ) पर + बल (ब) प + र्बल (स) प्र + बल (द) प + रबल

9 रंगीला शब्द में कौन-सा प्रत्यय हैं ?
(अ) रंग (ब) ईला (स) ला (द) रं

10 जिस क्रिया का प्रभाव कर्म पर पड़ता है उसे कहते हैं -
(अ) अकर्मक क्रिया (ब) संयुक्त क्रिया (स) सकर्मक क्रिया (द) इनमें से कोई नहीं

11 "नेत्र" का पर्यायवाची शब्द है -
(अ) कान (ब) नाक (स) आँख (द) गला

12 शब्दों के सार्थक योग को कहते हैं -
(अ) वर्ण (ब) शब्द (स) वाक्य (द) क्रिया

13 पंचतंत्र में कौन-सा समास है ?
(अ) द्विगु समास (ब) बहुब्रीहि समास (स) कर्मधारय समास (द) तत्पुरुष समास

14 "बछिया के ताऊ" मुहावरे का अर्थ है -
(अ) बैल का भाई (ब) सांड (स) मूर्ख व्यक्ति (द) कोल्हू का बैल

15 "सद्गुण" शब्द में उपसर्ग होगा -
(अ) सद् (ब) (स) सच् (द) सत्य

16 निर्जन शब्द में उपसर्ग बताइए -
(अ) नि (ब) नीर (स) निः/निर (द) निस्

17 "सेनापति" पद में समास बताइए -
(अ) तत्पुरुष समास (ब) कर्मधारय समास (स) बहुब्रीहि समास (द) द्वन्द समास

18 "नेम" शब्द का तत्सम शब्द क्या है -
(अ) नाम (ब) नया (स) नियम (द) नियामत

19 शब्द के अंत में जुड़कर उसका अर्थ परिवर्तित करने वाले शब्दांश कहलाते हैं -
(अ) देशज (ब) उपसर्ग (स) प्रत्यय (द) यौगिक

20 'मुँह की खाना' का अर्थ हैं -
(अ) हार मानना (ब) घूमना (स) घर जाना (द) भागना।

**रिक्त स्थान में सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. वे शब्दांश जो शब्द बनाते समय आरंभ में लगते है ..................... कहलाते हैं। (उपसर्ग/प्रत्यय)
2. बौद्धिक शब्द का मूल शब्द ......................... है। (बुद्ध/बुद्धि)
3. उपहास शब्द में ................... उपसर्ग है। (उप/हास)
4. आचार के पूर्व "अति" उपसर्ग जोड़कर बनेगा...................। ( अत्याचार /सदाचार )

5. सदाचार का विलोम................. है। ( दुराचार/ प्रचार)
6. अन्य भाषाओं के सम्पर्क के कारण हिन्दी में आने वाले शब्द ............... कहलाते हैं। (विदेशी शब्द /देशी शब्द)
7. कमल का पर्यायवाची शब्द ....................है। (पवन/पंकज)
8. कलई खुलना का अर्थ .....................है। (पोल खुलना/आँखे खुलना)
9. कमाई में प्रत्यय है .................. ( आई /लाई)
10. अनंत का विलोम.......... है । ( संक्षिप्त / अंत )

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए –**

1.

| | **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|---|
| i. | रातोंरात | (क) जहर |
| ii. | निरोग | (ख) मित्र |
| iii. | शत्रु का विलोम | (ग) रात्रि |
| iv. | विष का पर्यायवाची | (घ) विसर्ग संधि |
| v. | रात का तत्सम | (ड.) रात ही रात में |

**2.**

| | **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|---|
| i. | त्रिफला | (क) अनैतिक |
| ii. | मनोरथ | (ख) सुरपति |
| iii. | इन्द्र का पर्यायवाची | (ग) निपात शब्द |
| iv. | भी, ही, भर | (घ) विसर्ग संधि |
| v. | नैतिक का विलोम | (ड.) तीन फलों का समूह |

**3.**

| | **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|---|
| i. | ग्राम का तद्भव | (क) धरा |
| ii. | रचना के आधार पर वाक्य | (ख) देशज शब्द |
| iii. | सोटा, लोटा, डिबिया | (ग) विदेशी शब्द |
| iv. | अफसर, ड्राइवर, टिफिन | (घ) तीन |
| v. | भूमि | (ड.) गाँव |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

1. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?
2. संधि कितने प्रकार की होती है? नाम लिखिए।
3. समास कितने प्रकार के होते हैं?
4. विदेशी भाषाओं से आए शब्द क्या कहलाते हैं?
5. किसी कार्य को करने या होने का बोध कराने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?
6. अंधकार का तद्भव रूप लिखिए।
7. आंखों का तारा का अर्थ लिखिए।
8. प्रथम पद प्रधान हो तो कौन सा समास होगा?
9. लोक में प्रचलित उक्ति क्या कहलाती है?
10. बल शब्द में वान प्रत्यय लगाने से कौन सा शब्द बनेगा?
11. प्रचलित शब्द से उपसर्ग व प्रत्यय अलग कीजिए।

12. 'ठोकर मारना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।
13. 'टीला खड़ा होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।
14. विलोम शब्द का अर्थ क्या है?
15. प्रत्यय शब्द में कहाँ जुड़ते हैं ?

**सत्य / असत्य लिखिए -**

1. विचार विनिमय के माध्यम को भाषा कहते हैं।
2. 'राम पढता है।' संयुक्त वाक्य है।
3. 'मुँह की खाना' का अर्थ मुँह से खाना है।
4. 'खाना' क्रिया शब्द है।
5. शब्द के आगे जुड़ने वाले शब्दांश उपसर्ग कहलाते हैं।
6. 'हवा से बातें करना' का अर्थ है तेज गति से भागना।
7. 'श्याम भी जाएगा' में भी क्रिया शब्द है।
8. 'मोटाई' शब्द में ई उपसर्ग जुड़ा है।
9. उत्थान का विलोम उन्नति है।
10. 'किरण' शब्द का पर्यायवाची रश्मि है।
11. 'भूपति' में ति उपसर्ग है।
12. 'दंड' का विलोम सजा है।
13. 'अश्रु' का तद्भव रूप आंसू है।
14. 'आग' का तत्सम रूप अग्नि है।
15. वे शब्द जो संस्कृत से अपरिवर्तित रूप में हिंदी में ग्रहण किए गए हैं तद्भव कहलाते हैं ।

**लघु उत्तरीय प्रश्न -** **(02 अंक)**

1. निपात शब्द क्या हैं ? लिखिए।
2. संधि की परिभाषा एवं प्रकार लिखिए।
3. मुहावरे एवं लोकोक्तियों में अंतर लिखिए।
4. समास की परिभाषा एवम् प्रकार लिखिए।
5. तत्सम शब्द क्या होते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।
6. संधि एवं समास में अंतर लिखिए।

---------xxxx--------

# इकाई - 5
# कृतिका भाग - 1

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 5 | कृतिका भाग - 1<br>पूरक पाठ्य पुस्तक से विविध पाठों पर आधारित प्रश्न | 08 | 06 | 01 | --- | --- | --- | 01 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** **(01 अंक)**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**1-**'इस जल प्रलय में' पाठ की विधा है-

(अ) कहानी (ब) रिपोर्ताज (स) उपन्यास (द) नाटक

**2-** रेणु के प्रसिद्ध आंचलिक उपन्यास का नाम है-

(अ) मैला आंचल (ब) गोदान (स) पद्मावत (द) कामायनी

**3-**1967 में जब पुनपुन का पानी घुस गया था-

(अ) अशोकनगर में (ब) राजेंद्रनगर में (स) पुष्पा नगर में (द) अमर नगर में

**4-**नानी के पति शादी के तुरंत बाद उन्हें छोड़कर बैरिष्टरी पढ़ने चले गए थे-

(अ) जबलपुर (ब) जापान (स) रूस (द) विलायत

**5-** सज -धज कर रतजगा मना रहीं थी-

(अ) मर्द (ब) बच्चे (स) औरतें (द) नर-नारी

**6-**चोर कमरे में घुस गया-

(अ) नानी के (ब) मामा के (स) नाना के (द) दादी के

**7-**कृतिका में आए पाठों में एकांकी का नाम है-

(अ) कर्मभूमि (ब) माटी वाली (स) रीढ़ की हड्डी (द) जय गंगा

**8-**एकांकी में उमा की मां का नाम है-

(अ) आभा (ब) शोभा (स) दया (द) प्रेमा

9-शंकर शारीरिक रूप से विकृत होने के कारण-

(अ) ठीक से चल नहीं सकता (ब) ठीक से रो नहीं सकता

(स) ठीक से सो नहीं सकता (द) ठीक से गा नहीं सकता

10-रामस्वरूप ने रतन से मंगवाया था-

(अ) चीनी (ब) मक्खन (स) दूध (द) सब्जी

11-रतन कौन था-

(अ) रामस्वरूप का लड़का (ब) रामस्वरूप का मालिक

(स) रामस्वरूप का नौकर (द) रामस्वरूप का पड़ोसी

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए-**

1-रेणु का पूरा नाम ________है। (बागेश्वर नाथ रेणु/फणीश्वर नाथ रेणु)
2-1967 की बाढ़ को_________ स्वयं भोगा था। (लेखक ने /लेखिका ने)

3-रिक्शा मोड़कर हम________सिनेमा हॉल से गांधी नगर चले गए। (मधुशाला/ अप्सरा)

4-मेरे नाना पक्के_________ माने जाते। (साहब /अंग्रेज)

5-वे__________ से कम जादुई नहीं मालूम पड़ती थी। (स्त्रीजात/ पारिजात)

6-नानी के मन में__________ की आजादी के प्रति जुनून था। (देश/स्वयं)

7-लेखिका की मां की शादी होने से पहले ही__________मृत्यु हो गई थी। (नानी की/ मौसी की)

8-हमारी बहू तो ऐसी है कि धोई, पौछी और__________टांग दी। (खूंटी पर /छींके पर)

9-तीसरे नंबर पर_________थी। (चित्रा/ रेणु)

10-उर्दू में तालीम शब्द का अर्थ________होता है। (शिक्षा /अशिक्षा)

11-परमात्मा जब अक्ल बाँट रहा था तो तू_________पहुंचा। (देर से/जल्दी से)

12-ग्रामोफोन एक तरह_______ का होता है। (गुण/बाजा)

13-रीड की हड्डी________विधा में लिखी गई रचना है। (एकांकी /कहानी)

14-रीड की हड्डी एकांकी में कुल________पात्र हैं। (चार/छः)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए -**

**(1)**

| **अ** | **ब** |
|---|---|
| i. इस जल प्रलय में | क- मृदुला गर्ग |
| ii. मेरे संग की औरतें | ख-जगदीश चंद्र माथुर |
| iii. रीड की हड्डी | ग-फणीश्वर नाथ रेणु |
| iv. पंच परमेश्वर | घ-मुंशी प्रेमचंद |

| (2) अ | ब |
|---|---|
| i. लेखिका | क- मृदुला गर्ग |
| ii. घर का नौकर | ग- बागलकोट |
| iii. कर्नाटक का छोटा कस्बा | घ- श्री जगदीश चंद्र माथुर |
| iv. रीढ़ की हड्डी | ड.- रतन |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए -**

1- साक्ष्य पत्रिका के विशेषांक का नाम क्या है?

2-पानी देख कर लौट रहे लोगों की आंखों और जुबान पर एकमात्र जिज्ञासा क्या थी?

3-' इस जल प्रलय में' पाठ में बाढ़ के पानी को क्या कहा गया है?

4 पान वाले की बिक्री अचानक क्यों बढ़ गई थी?

5-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी किस समस्या पर आधारित है ?

6-मेरे संग की औरतें पाठ में लेखिका कुल कितने भाई बहन थे?

7-लेखिका मृदुला गर्ग की परदादी ने मंदिर में जाकर क्या मन्नत मांगी थी?

8-कथावस्तु के आधार पर रीढ़ की हड्डी' एकांकी का मुख्य पात्र आप किसे मानते हैं?

9-'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के रचनाकार का नाम लिखिए?

10-लेखिका मृदुला गर्ग के नाना पढ़ाई करने कहाँ गए थे?

**सत्य/ असत्य लिखिए-**

1-'इस जल प्रलय में' पाठ के लेखक तैरना जानते थे।

2-फणीश्वर नाथ रेणु ने रिपोर्ताज के अलावा उपन्यास भी लिखे हैं।

3-'परती' का अर्थ वह जमीन है जो बोई -जोती नहीं जाती हो।

4-'विभीषिका' से तात्पर्य भयंकरता से है।

5-लेखिका मृदुला गर्ग ने अपनी नानी को देखा था।

6-नानी को मेरी माँ की शादी की कोई फिक्र नहीं थी।

7-नानी के मन में देश के आजादी के प्रति जुनून था।

8-रामस्वरूप दकियानूसी ख्यालातों के थे।

9-रामस्वरूप की पत्नी का नाम प्रेमा था।

10 उमा साहसी लड़की थी।

11-उमा से शंकर का विवाह हो गया था।

12 शंकर बाबू वीकेंड पर घर आए थे।

**लघु उत्तरीय प्रश्न – (02 अंक)**

1. पाठ में आए अनवरत,अनर्गल अनगढ़ और स्वागतोक्ति शब्दों के अर्थ लिखिए?
2. गोलंबर के पास जनसंपर्क की गाड़ी क्या ऐलान कर रही थी?
3. बाढ़ पीड़ितों की मदद हेतु हर नाव पर क्या-क्या होना आवश्यक होता है?
4. रेनू जी की मित्रों के नाम लिखिए?
5. बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारी फैलने का खतरा होता है?

6. 'शिक्षा बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है'इस दिशा में लेखिका (मृदुला गर्ग) के विचारों को लिखिए।

7. मृदुला गर्ग अपनी नानी से क्यों प्रभावित थी?

8. 'रीड की हड्डी' एकांकी का उद्देश्य लिखिए।

9. 'रीड की हड्डी' एकांकी में कितने प्रकार के खेलों की चर्चा की गई है?

10. 'रीड की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

---------xxxx--------

# इकाई – 6
# अपठित बोध

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 6 | अपठित बोध – अपठित काव्यांश / गद्यांश | 04 | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 |

**अपठित गद्यांश –**

**निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

1- अंग्रेजी में एक कहावत है कि सत्य के बाद स्वच्छता का स्थान है। अर्थात स्वच्छता जीवन की मूल आवश्यकताओं में शामिल है। मनुष्य मात्र में स्वच्छता का विचार उत्पन्न करने के लिए शिक्षा का प्रचार करना अनिवार्य है, इसलिए शिक्षित व्यक्ति स्वयं ही स्वच्छता की ओर प्रवृत्त हो जाता है। बाह्य स्वच्छता का प्रभाव हमारी आंतरिक स्वच्छता पर भी पडता है। वही आंतरिक स्वच्छता, सदाचार, नैतिक मूल्य, सद्विचार एवं अच्छी संगति से प्राप्त होती है

**प्रश्न** –

i उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक क्या हो सकता है?
ii हमारी आंतरिक सुरक्षा का आधार क्या है?
iii उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

2- गिरिराज हिमालय का विस्तार अफगानिस्तान की सीमा से लेकर म्यांमार तक फैला है। रूस तथा चीन तक इसकी शाखाएँ पहुँचती है। इसी पर्वत पर मानसरोवर झील तथा शिव का निवास कैलाश पर्वत है। सिंधु, गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र तथा कोसी जैसी विशाल नदियों का उद्गम हिमालय ही है। बद्रीनाथ तीर्थ और स्वर्ग से सुंदर कश्मीर हिमालय की गोद में ही बसा है। संसार की सबसे ऊँची चोटी एवरेस्ट हिमालय का मुकुट है। हिमालय भारत की सुरक्षा तथा गौरव का प्रतीक है।

**प्रश्न –**

i. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii. गंगा , यमुना तथा ब्रह्मपुत्र नदियों का जनक कौन है?
iii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

3- विद्या अमूल्य, अनश्वर तथा सर्वोच्च धन है। अन्य सभी प्रकार के धन कभी न कभी नष्ट हो जाते हैं। परंतु विद्या धन कभी नष्ट नहीं होता। रावण स्वर्णमयी लंका को नष्ट होने से न बचा सका। उसका बल तथा धन भी नष्ट हो गया। युद्ध में पराजित हुआ।परंतु श्रीराम भी उसका विद्या ज्ञान नहीं

छीन पाए । युद्ध में मरणासन्न पड़े रावण से लक्ष्मण ने विद्या.धन प्राप्त किया था। अतः विद्या.धन ही वह एक मात्र पूँजी है जो हमेशा हमारे साथ रहती है।

**प्रश्न** -

i.रावण के पास सबसे अमूल्य धन कौन सा था?
ii.उपर्युक्त अनुच्छेद का सारांश लिखिए।
iii.उपर्युक्त अनुच्छेद का शीर्षक लिखिए।

4- भारत में ध्वनि प्रदूषण को दैनिक जीवन का एक हिस्सा माना जाता है और एक बड़ी सीमा तक हमने इसके साथ कहने के अभ्यस्त भी हो चुके हैं इसलिए भारत में ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध सामाजिक चेतना का अभाव है। 45 डेसीबेल से अधिक की ध्वनि शोर मानी जाती है। जबकि दिल्ली, कोलकाता तथा मुंबई जैसे महानगरों में ध्वनि का स्तर 90 डेसीबेल से भी अधिक है। उल्लेखनीय है कि मुंबई विश्व का तीसरा सबसे अधिक शोरगुल वाला शहर है। अतः भारत में ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध व्यापक एवं प्रभावी कानूनों की महती आवश्यकता है।

**प्रश्न** -

i उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii ध्वनि प्रदूषण क्या है।
iii उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

5- तेजी से बढती हुई जनसंख्या, सिकुड़ते जंगल, अवैध शिकार, पर्यावरण प्रदूषण तथा ध्वस्त होता पारिस्थितिक तंत्र, जैव विविधता के प्रमुख खतरे हैं। जैव विविधता का सर्वाधिक ह्रास वन्य प्राणियों में हुआ है। मारीशस का डोडो, स्काटलैंड का ग्रेट ऑक तथा न्यूजीलैंड का मोआ पक्षी ऐसे प्राणी हैं जिन्हें हम अब कभी देख नहीं सकते हैं। भारत में एशियाई सिंह, चित्तीदार तेंदुआ, कस्तूरी मृग, काला हिरण तापीर, सुनहरा लंगूर तथा सिंहपूँछ बंदर विलुप्त होने की कगार पर हैं यदि इनके संरक्षण के प्रभावी उपाय न किये गये तो इन नायाब जीवों को हम हमेशा.हमेशा के लिए खो देंगे।

**प्रश्न** -

i उपर्युक्त अनुच्छेद का संभावित शीर्षक लिखिए।
ii संसार के कौन से वन्य प्राणी विलुप्त हो चुके हैं?
iii उपर्युक्त अनुच्छेद का सार लिखिए।

6- निंदा का उद्गम हीनता और कमजोरी से होता है। निंदा करके उनके अहम को तुष्टि मिलती है। ज्यों कर्म क्षीण हो जाता है, त्यों निंदा की प्रवृत्ति में दिनों.दिन इजाफा होता चला जाता है। निंदा कुछ लोगों की पूँजी होती है बड़ा लंबा.चौड़ा व्यापार फैलाते हैं वे इस पूँजी का कई लोगों की प्रतिष्ठा ही दूसरों की कलंक.कथाओं के पारायण पर आधारित होती है।

**प्रश्न** -

i उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii लोग दूसरों की निंदा क्यों करते हैं
iii उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

7- हमारी जीवन शैली में कम्प्यूटर और इंटरनेट का दखल इस कदर बढ़ता जा रहा है कि संभव है कि आने वाले समय में इंसान, कम्प्यूटर और कम्प्यूटर, इंसान बन जाएगा। कम्प्यूटर विशेषज्ञ और लेखक कवि "रे कुर्जवील" ने भविष्यवाणी की है कि सन 2029 तक कम्प्यूटर और इंसान में तमीज कर पाना मुश्किल हो जाएगा और सदी के अंत तक तो वे सर्वथा एक रूप हो जाएँगे।

**प्रश्न** -

i. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii. इंसान के कम्प्यूटर बन जाने से समाज को क्या खतरे हैं?
iii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

8- आधुनिक बाजारवादी संस्क़ृति उपभोग एवं एन्जॉय पर आधारित है। हर विज्ञापन हमसे कहता है कि जीवन का सारा रस, सारा ममत्व, सारा सुख और सारा आनंद चीजों का उपभोग करने में है और इन विज्ञापनों के सहारे ही हमारा भी दिया चलता है। इतने भोग.उपभोग के लिए पैसा कमाना पड़ता है और पैसा कमाने से इंसान को इतनी फुर्सत ही नहीं मिल पाती कि वह एन्जॉय कर सके। अत: इस बात की पूरी संभावना है कि 21 वीं सदी में एन्जॉय करने का आग्रह और एन्जॉयमेन्ट के लिए समय की कमी दोनों बढ़ेंगे।

**प्रश्न** -

i. उपर्युक्त गद्यांश का संभावित शीर्षक चुनिए।
ii. 21वीं सदीं का इंसान एन्जॉय क्यों नहीं कर पायेगा?
iii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

9 - भारत में टी.वी. और इंटरनेट के प्रभाव से सांस्कृतिक उपनिवेशवाद तेजी से अपने पाँव पसार रहा है। सदियों तक शासन करने के बाबजूद अंग्रेज हमारे शहरी लोगों तक को पतलून पहनने का कायल कर सके और न "हाउ डू यू डू" कहने का। लेकिन मैक्लर्ड ने चंद ही सालों में अमेरिकी जीन्स हमारे लड़के.लड़कियों की खास पोशाक बना दी और अभी जगह बच्चों को अंकल और आन्टी से हाय और बाय बोलना सिखा दिया। भारत की मध्यवर्गीय जनता ने हैप्पी बर्थडे, हैप्पी न्यू ईयर, हैप्पी वैडिंग एनिवर्सरी, फादर्स.डे, मदर्स.डे, वेलेन्टाइन्स डे, जैसे हैप्पीनेस के नये अवसर जुटा लिए हैं जो पूरी तरह कार्ड उपहार और बाजार से जुड़े हुए हैं। नई सदी में सांस्कृतिक गुलामी की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है।

**प्रश्न** -

i उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक चुनिए।
ii सांस्कृतिक उपनिवेशवाद या सांस्कृतिक गुलामी से क्या आश्रय है?
iii उपर्युक्त गद्यांश का सार लिखिए।

10 - लोक साहित्य में लोकगीतों का विशेष स्थान है। ये गीत व्यक्ति विशेष के न होकर समूह के होते हैं। इनका रचयिता अज्ञात होता है और ये प्राय: मौखिक रूप में एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी या एक स्थान से दूसरे स्थान में स्थानांतरित होते रहते हैं। लोकगीत, लोकजीवन का दर्पण होते हैं। जिनमें लोक संस्कृति के समस्त पक्षों का वर्णन होता हैं। लोकगीत धर्म, सामाजिक रीति.रिवाज,दर्शन,ज्योतिष, वैद्यक, सदाचार, उपदेश, लोक व्यवहार मनोरंजन तथा जीवन के समस्त पक्षों का संचित कोष होते हैं।

**प्रश्न** -

i उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii लोकगीतों की कोई दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
iii उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

# अपठित काव्यांश –

**निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

1- जो जल बाढ़े नाव में, घर में बाढ़े दाम,
दोनों हाथ उलीचिये, यहीं सयानों काम।

**प्रश्न** -

i नाव में पानी बढ़ने पर क्या करना चाहिए?
ii घर में संपत्ति बढ़ने पर क्या करना बुद्धिमानी है?
iii उपर्युक्त पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

2- कल जो हमारी सभ्यता पर हँसे थे अज्ञान से,
आज लज्जित हो रहे हैं अधिक अनुसंधान से।
जो आज प्रेमी है हमारे भक्त कल होंगे वहीं,
जो आज व्यर्थ विरक्त है अनुरक्त कल होंगे वहीं।

**प्रश्न** -

i हमारी सभ्यता पर लोग क्यों हँस रहे थे?
ii अनुरक्त का विलोम लिखिए।
iii आज कौन लज्जित हो रहे है?
iv उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

3- हम अनिकेतन हम अनिकेतन,

हमते रमते राम हमारा, क्या घर, क्या दर कैसा वेतन,
अब तक इतनी यों ही काटी, अब क्या सीखे नव परिपाटी,
कौन बनाए आज घरौंदा, हाथों चुन.चुन कंकड़ माटी,
ठाट फकीराना है अपनाए वाघांवर सोहे अपने तन।

**प्रश्न** -

i उक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii कवि अपने आपको अनिकेतन क्यों कहता है?
iii उक्त पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

4- कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास,
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उसके पास।
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गस्त,
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही सिकस्त।

**प्रश्न** -

i कई दिनों से चक्की उदास क्यों थी।
ii उक्त पंक्तियाँ कौन सी प्राकृतिक आपदा की ओर इशारा करती हैं?
iii उक्त पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

5 - माँ तुम्हारा ऋण बहुत है मैं अकिंचन,
किन्तु इतना कर रहा फिर भी निवेदन,

थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी,
कर दया स्वीकार लेना वह समर्पण,
ज्ञान अर्पित प्राण अर्पित,
रक्त का कण.कण समर्पित,
चाहता हूँ देश की धरती तुझे कुछ और भी दूँ ।।

**प्रश्न** -

i उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii कवि भारत माँ को क्या अर्पित करना चाहता है?
iii देश की धरती का हम पर क्या ऋण हैं?

6- गगन-गगन तेरा यश फहराए

पवन.पवन तेरा बल गहराए
क्षिति.जल.नभ पर डाल हिंडोले
चरण.चरण संचरण सुनहरा
ओ ऋषियों के वेश
प्यारे भारत देश।

**प्रश्न** -

i उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii आप अपने देश को प्यार क्यों करते है?
iii उक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

7- जी पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको,
पर पीछे.पीछे अक्ल जगी मुझको,
जी लोगों ने तो बेंच दिये ईमान,
जी आप न हो सुनकर ज्यादा हैरान,
मैं सोच.समझकर आखिर,
अपने गीत बेंचता हूँ,
जी हाँ हुजूर में गीत बेंचता हूँ

**प्रश्न** -

i उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii कवि को गीत बेचने में शर्म क्यों नहीं आती?
iii उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

---------xxxx--------

# इकाई – 7
# पत्र – लेखन

| क्र | इकाई एवम् विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 7 | पत्र लेखन –<br>औपचारिक पत्र / अनौपचारिक पत्र | 04 | — | — | — | 01 | — | 01 |

1. आप कक्षा नवमीं वर्ग "ब" के छात्र हैं अपना वर्ग बदलने के लिए प्राचार्य महोदय को एक आवेदन पत्र लिखिए।
2. अपने कक्षा शिक्षक को अर्ध्द दिवस के अवकाश हेतु आवेदन पत्र लिखिए।
3. अपने विद्यालय के प्राचार्य को खेल का कालखण्ड नियमित रूप से लगाने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए।
4. आपके पिताजी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, इस कारण वे विद्यालय में आयोजित पालक.शिक्षक संघ की बैठक में उपस्थित होने में असमर्थ हैं इसकी सूचना देते हुए अपने प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए।
5. शाला त्याग प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य के नाम से आवेदन पत्र लिखिए।
6. पॉलीथिन बैग के उपयोग पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने का आग्रह करते हुए नगर निगम अध्यक्ष को पत्र लिखिए।
7. नया विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने के लिए मुख्य अभियंता,विद्युत वितरण निगम रहली को एक आवेदन पत्र लिखिए।
8. बैंक खाता खोलने के लिए बैंक प्रबंधक स्टेट बैंक सागर को आवेदन पत्र लिखिए।
9. अपने छोटे भाई को कोविड.19 के प्रोटोकाल से संबंधित नियमों का पालन करने हेतु पत्र लिखिए।
10. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम सागर को अपने विद्यालय भवन के सामने साफ.सफाई हेतु पत्र लिखिए।

11. संपादक, दैनिक भास्कर, भोपाल को अपने नगर की सड़कों पर घूमते आवारा पशुओं की समस्या से संबंधित समाचार प्रकाशित करने हेतु पत्र लिखिए।

12. आपने जे.के. इलेक्ट्रानिक्स भोपाल से पिछले माह एक स्मार्ट टी.वी. खरीदा था जो अब ठीक से काम नहीं कर रहा है इस संबंध में दुकान के प्रबंधक को एक शिकायती पत्र लिखिए।

13. प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु गणित तर्कशक्ति एवं सामान्य ज्ञान का अध्ययन करने के संबंध में अपने छोटे भाई को एक परामर्श पत्र लिखिए।

14. अपने क्षेत्र के विधायक महोदय को अपने नगर में व्यायाम शाला जिम आदि स्थापित करने हेतु पत्र लिखिए।

15. अपने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

16. अपने विद्यालय के प्राचार्य को शाला शुल्क से मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

# इकाई – 8
# निबन्ध लेखन

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 8 | • अनुच्छेद लेखन /संवाद लेखन /विज्ञापन लेखन<br>• निबंध लेखन (रूपरेखा सहित) | 07 | --- | ---- | 01 | 01 | ---- | 02 |

**अनुच्छेद लेखन -**

1. यातायात के नियमों पर एक अनुच्छेद लिखिए।
2. आपके विद्यालय में मनाए गए सांस्कृतिक समारोह पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।
3. महात्मा गांधी की वेशभूषा पर एक अनुच्छेद लिखिए।
4. "जल है तो कल है" विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।
5. व्यायाम से होने वाले लाभों पर 100 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिए।
6. "रेलवे स्टेशन का एक दृश्य" विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।
7. "यदि में प्रधानमंत्री होता" विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।
8. आपके परिवार में होने वाले किसी शादी समारोह के रीति-रिवाजों पर एक अनुच्छेद लिखिए।
9. "काश। मैं उड़ पाता" विषय पर 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।
10. "यदि वर्षा न होती तो" विषय पर एक अनुच्छेद प्रस्तुत कीजिए।
11. "छोटा परिवार सुखी परिवार" विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।
12. जीवन में पुस्तकों की उपयोगिता विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।
13. अपने गाँव या शहर पर एक अनुच्छेद लिखिए।
14. अपने विद्यालय के प्राचार्य के कार्य एवं भूमिका पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।

# निबन्ध लेखन

**निम्नलिखित विषयों पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए -**

1. विद्यार्थी जीवन - जीवन का स्वर्णयुग
2. स्वास्थ्य ही धन है
3. खेलों का राजा-क्रिकेट
4. यदि बिजली न होती तो
5. अपना देश है सबसे प्यारा
6. दैनिक जीवन में इंटरनेट का महत्व
7. आदर्श विद्यार्थी के गुण
8. मेरी प्रिय ऋतु
9. मेरा मध्यप्रदेश

10. यदि मैं प्राचार्य होता
11. वृक्ष - हमारे प्रथम मित्र
12. मेरी प्रिय पुस्तक
13. कम्प्यूटर - आधुनिक युग का वरदान
14. आदर्श शिक्षक के गुण
15. कक्षा नवमीं में मेरा प्रिय विषय
16. जल संरक्षण के उपाय
17. मेरी प्रिय पुस्तक
18. मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल
19. नीले गृह की महिमा
20. मेरा प्रिय खेल

## संवाद लेखन

1. अपनी माँ से जन्मदिन की तैयारी के लिए किया गया संवाद लिखिए।
2. मासिक टेस्ट को लेकर अपने कक्षा अध्यापक से की गई बातचीत को लिखिए।
3. वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर पिताजी से किए गए संवाद को लिखिए।
4. कक्षा में अपने प्रिय मित्र से पढ़ाई से संबंधित संवाद लिखिए।

## विज्ञापन लेखन

1. निबंध प्रतियोगिता के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।
2. हिंदी विषय में अनुवादक के लिए विज्ञापन लिखिए।

---------xxxx--------

# कक्षा 9 वी

# उत्तरमाला

## इकाई - 1
## क्षितिज भाग -1, काव्य खण्ड

**सही विकल्प**

1. बीजक
2. कृष्ण भक्ति शाखा
3. माखनलाल चतुर्वेदी
4. कोसानी गांव में
5. मध्य प्रदेश
6. सधुक्कड़ी
7. चार
8. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
9. पृथ्वीराज रासो
10. जायसी
11. रामचरित मानस
12. सुमित्रानंदन पंत
13. रसखान
14. सूरदास
15. भक्ति काल

**रिक्त स्थान -**

1. बच्चे
2. लाल
3. चंद्र
4. माखनलाल चतुर्वेदी
5. पद्मावत
6. प्रेमी
7. ब्रज गोकुल
8. नवविवाहिता
9. गुलाम
10. कबीरदास
11. छिपाए .
12. सुमित्रानंदन पंत
13. द्वार

**सही जोड़ी -**

1. i (घ) ii (ड) iii (ख) iv (ग) v (क)
2. i (ग) ii (घ) iii (ड.) iv (ख) v (क)
3. i (घ) ii (ग) iii (ड..) iv (क) v (ख)
4. i (ग) ii (क) iii (ख) iv (ड.) v (घ)
5. i (ख) ii (ग) iii (क) iv (ड.) v (घ)

**एक वाक्य में उत्तर -**

**टीप – यहाँ उत्तर संक्षिप्त में दिए जा रहे हैं किन्तु विद्यार्थी को पूरा एक वाक्य बनाकर ही उत्तर लिखना होगा,तब ही सही उत्तर माना जाएगा और पूर्ण अंक प्राप्त हो सकेंगे।**

1. सहज और सरल
2. निजशोभा के कारण
3. कोयल की स्वतंत्रता तथा कवि की पराधीनता के कारण
4. मंदिर\मस्जिद में
5. प्रसाद, पंत, निराला, महादेवी
6. मैथिली शरण गुप्त
7. श्री कृष्ण के
8. ज्ञान की तुलना हाथी से की गई है
9. मेघ
10. मन रूपी पवित्र सरोवर
11. भवसागर से मुक्ति पाकर प्रभु की शरण में जाना
12. कृष्ण की यादों से जुड़ाव

**सत्य\असत्य -**

1. सत्य
2. सत्य
3. सत्य
4. सत्य
5. असत्य
6. सत्य
7. असत्य
8. सत्य
9. असत्य
10. असत्य
11. असत्य
12. असत्य
13. असत्य
14. सत्य
15. सत्य

# इकाई - 2
# काव्य बोध

**सही विकल्प -**

1. दो
2. तीन
3. दृश्य और श्रव्य काव्य
4. तीन
5. महाकाव्य
6. नीरस
7. चार
8. रति
9. आचार्य विश्वनाथ
10. भरतमुनि
11. अलंकार
12. दो
13. दृष्टांत
14. यति
15. अर्थ
16. यमक
17. अ और ब दोनों
18. चार
19. उपमान
20. मानवीकरण

**रिक्त स्थान -**

1. आंतरिक
2. एक अंश का
3. संपूर्ण
4. आत्मा
5. दस
6. उत्साह
7. क्रोध
8. शोक
9. दोहा
10. वर्णों
11. गहना
12. रूपक
13. दृश्य
14. अनुप्रास
15. अनुप्रास
16. छंद
17. रूपक
18. मानवीकरण
19. सवैया
20. तैंतीस

**सही जोड़ी -**

1. i (ङ.) ii (घ) iii (ग) iv (ख) v (क)
2. i (ङ.) ii (क) iii (घ) iv (ख) v (ग)
3. i (ङ.) ii (घ) iii (ख) iv (ग) v (क)

**एक वाक्य में उत्तर -**

1. विस्तृत कलेवर वाले काव्य को महाकाव्य कहते हैं।
2. प्रबंध काव्य के तीन भेद हैं - 1. महाकाव्य 2. खण्डकाव्य 3. आख्यानक गीति
3. रस युक्त वाक्य काव्य कहलाता है।
4. एक ही छंद में रचित एक घटना का चित्रण पूर्ण रुप से करने वाली रचना खण्डकाव्य कहलाती है।
5. काव्य के दो भेद हैं 1. द्रश्य काव्य 2. श्रव्य काव्य
6. स्थाई भावों को जागृत या उद्दीप्त करने वाले कारक विभाव कहलाते हैं।
7. जिस काव्य का आनंद पढ़कर या सुनकर लिया जाता है उसे रस कहते हैं।
8. कविता के शाब्दिक अनुशासन का नाम छंद है।
9. दोहा के प्रथम चरण में 13 मात्राएं होती हैं।
10. जहाँ काव्य का आधार शब्द होते हैं वहाँ शब्दालंकार होता है।
11. बालू के सांपों में रूपक अलंकार है।
12. 'मेघ आए बन-ठन के' पंक्ति में मानवीकरण अलंकार है।
13. हंसमुख हरियाली है हिम आतम पंक्ति में अनुप्रास अलंकार है।
14. वेदना बोझ बाली सी पंक्ति में उपमा अलंकार है।
15. शब्दालंकार के भेद - अनुप्रास, यमक

अर्थालंकार के भेद - उपमा, रूपक

16. घृणा को उत्पन्न करने वाले दृश्यों का वर्णन होने पर वीभत्स रस होता है ।

**सत्य / असत्य**

1 सत्य 2 सत्य 3 असत्य 4 सत्य 5 सत्य6असत्य 7 असत्य 8 असत्य 9 सत्य 10 असत्य 11 सत्य 12 सत्य 13 सत्य 14 सत्य

# इकाई - 3
# क्षितिज भाग 1, गद्य खण्ड

**सही विकल्प -**

1. (स) गया
2. (स) ससुराल
3. (स) वाणी
4. (ब) कांजी हौस में
5. (अ) हाजिरी लेने
6. (द) पाँच साल
7. (अ) डांडे
8. (अ) नेपाल
9. (स) लाल
10. (अ) पुस्तकें
11. (अ) 1922 में
12. (ब) पूर्वी
13. (स) पाश्चात्य संस्कृति के
14. (स ) बौद्धिक दासता
15. (द) 1945 में
16. (स) तस्मीना
17. (अ) झरना
18. (स) गौरेया
19. (ब) वन पक्षी की तरह
20. (स) चेहरे पर मुस्कान लाने की
21. (अ) हरिशंकर परसाई
22. (ब) महादेवी वर्मा ने
23. (अ) आकर्षण
24. (स) सुभद्रा कुमारी चौहान
25. (ब) ब्रज
26. (द) गांधी जी

**रिक्त स्थान -**

1. बनारस
2. बैल
3. बुद्धिहीन
4. प्रेमचन्द
5. फोटो
6. यथार्थवादी
7. आसानी
8. एक अंक
9. सांस्कृतिक
10. दूरी
11. कीमती
12. पत्नी
13. उर्दू
14. विदुषी

**सही जोड़ी -**

**(i)**

i. गधा
ii. गया
iii. प्रेमचन्द के फटे जूते पर
iv. राहुल सांकृत्यायन

**(ii)**

i. सेवासदन, रंगभूमि
ii. हँसते हैं, रोते हैं
iii. श्यामाचरण दुबे
iv. नीरजा नीहार, रश्मि

**एक वाक्य में उत्तर -**

**टीप – यहाँ उत्तर संक्षिप्त में दिए जा रहे हैं किन्तु विद्यार्थी को पूरा एक वाक्य बनाकर ही उत्तर लिखना होगा,तब ही सही उत्तर माना जाएगा और पूर्ण अंक प्राप्त हो सकेंगे।**

1. अंतिम सीमा
2. नागपुर विश्वविद्यालय
3. गुणवाचक विशेषण
4. प्रेमचन्द
5. प्रेमचन्द
6. वेदना और पीड़ा की
7. उत्तर प्रदेश की
8. मुंशी प्रेमचन्द है
9. कलम का सिपाही
10. स्मरण के आधार पर की गई रचना
11. लेखक की रचना के
12. यात्रा वृत्तांत
13. भारतेन्दु युग 1850 से
14. मुद्रण कला
15. गद्य साहित्य
16. विधाएँ

**सत्य\असत्य –**

1. सत्य
2. सत्य
3. असत्य
4. सत्य
5. सत्य
6. सत्य
7. सत्य
8. सत्य
9. असत्य
10. असत्य
11. सत्य
12. सत्य
13. असत्य
14. सत्य
15. असत्य
16. सत्य
17. सत्य
18. सत्य

## इकाई –4
## भाषा बोध

**सही विकल्प –**

1 सन्धि
2 तीन
3 छः
4 निपात
5 द्वंद
6 निपात
7 भाई - बहन
8 प्र + बल
9 ईला
10 सकर्मक क्रिया
11 आँख
12 वाक्य
13 द्विगु समास
14 मूर्ख व्यक्ति
15 सत्
16 निः /निर
17 तत्पुरुष
18 नियम
19 प्रत्यय
20 हार मानना।

**रिक्त स्थान**

1. उपसर्ग
2. बुद्धि
3. उप
4. अत्याचार
5. दुराचार
6. विदेशी शब्द
7. पंकज
8. पोल खुलना
9. आई
10. अंत

**सही जोड़ी –**

**1.** i (ङ.) ii (घ) iii (ख) iv (क) v (ग)
**2.** i (ङ.) ii (घ) iii (ख) iv (ग) v (क)
**3.** i (ङ.) ii (घ) iii (ख) iv (ग) v (क)

**एक वाक्य में उत्तर -**

1. रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद होते हैं।
2. संधि तीन प्रकार की होती है - स्वर संधि, व्यंजन संधि, विसर्ग संधि।
3. समास छः प्रकार के होते हैं।
4. विदेशी भाषाओं से आए शब्द आगत शब्द कहलाते हैं।
5. किसी कार्य को करने या होने का बोध कराने वाले शब्द क्रिया कहलाते हैं।
6. अंधकार का तद्भव अंधेरा है।
7. आंखों का तारा का अर्थ बहुत प्यारा।
8. प्रथम पद प्रधान हो तो अव्ययीभाव समास होगा।
9. लोक में प्रचलित उक्ति लोकोक्ति कहलाती है।
10. बल शब्द में वान प्रत्यय लगाने से बलवान शब्द बनेगा।
11. प्र + चल + इत
12. ठोकर मारना मुहावरे का अर्थ ठुकरा देना।
13. टीला खड़ा होना मुहावरे का अर्थ बाधाएं आना।
14. विलोम का अर्थ है विपरीत या उल्टा।
15. प्रत्यय शब्द के अंत में जुड़ते हैं।

**सत्य /असत्य -**

1. सत्य
2. असत्य
3. असत्य
4. सत्य
5. सत्य
6. सत्य
7. असत्य
8. असत्य
9. असत्य
10. सत्य
11. असत्य
12. असत्य
13. सत्य
14. सत्य
15. असत्य

## इकाई - 5
## कृतिका भाग - 1

**सही विकल्प -**

1-रिपोर्ताज
2-मैला आंचल
3-राजेंद्र नगर
4-विलायत
5-औरतें
6-नानी के
7-रीड की हड्डी
8-प्रेमा
9-ठीक से चल नहीं सकता
10-मक्खन
11- रामस्वरूप का नौकर

**रिक्त स्थान -**

1-फणीश्वर नाथ रेणु
2-लेखक ने
3-अप्सरा
4-साहब
5-पारिजात
6-देश
7-नानी की
8- छींके पर
9-चित्रा
10-शिक्षा
11- देर से
12-बाजा
13-एकांकी
14-छः

**सही जोड़ी ---**

**1.** i (ग) ii (क) iii (ख) iv (घ)

**2.** i (क) ii (ड.) iii (ग) iv (घ)

**एक वाक्य में उत्तर –**

1- साक्ष्य पत्रिका के विशेषांक का नाम 'नदियों की आग' है।

2-पानी देख कर लौट रहे लोगों की आंखों और जुबान पर एकमात्र जिज्ञासा थी'पानी कहाँ तक आ गया है'।

3-पाठ में बाढ़ के पानी को 'मृत्यु का तरल दूत' कहा गया है।

4-पान वाले की बिक्री अचानक इसलिए बढ़ गई थी क्योंकि लोग बाढ़ देखने जमा हो रहे थे।

5- 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी सामाजिक समस्या पर आधारित है ।

6-मेरे संग की औरतें पाठ में लेखिका कुल पांच भाई बहन थे।

7-लेखक की परदादी ने मंदिर में जाकर मन्नत मांगी की पतोहू का पहला बच्चा लड़की ही होनी चाहिए।

8-कथावस्तु के आधार पर कहानी का मुख्य पात्र उमा है।

9-"रीढ़ की हड्डी" एकांकी के रचनाकार का नाम जगदीश चंद्र माथुर है।

10-लेखिका के नाना पढ़ाई करने विलायत गए थे।

**सत्य /असत्य -**

| | | |
|---|---|---|
| 1-असत्य | 5-असत्य | 9-सत्य |
| 2-सत्य | 6-असत्य | 10-सत्य |
| 3-सत्य | 7- सत्य | 11- असत्य |
| 4-सत्य | 8-असत्य | 12-सत्य |

**विशेष टीप –**

- **शिक्षक स्वयं भी उत्तरमाला की जाँच करते हुए विद्यार्थियों को अभ्यास कराएँ ।**
- **विषय शिक्षक द्वारा काव्यबोध एवं भाषा बोध इकाइयों में प्रश्नबैंक में दिए प्रश्नों एवं उदाहरणों के अतिरिक्त अन्य प्रश्नों एवं उदाहरणों का भी अभ्यास कराया जाए**

-----xxxxxx-------